हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

11 सवाल पूछना कमजोरी नहीं बल्कि बुद्धिमानी....



11 नियमित सूर्य नमस्कार करने से शरीर का सर्वांगीण...












जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता व हड़ताल के चलते बंद पड़ा पटवार भवन व राजौंद। जलघर प्रांगण में सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी, किसान और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी व जींद। पुराने बस स्टैंड पर प्रदर्शनकारी। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कैथल: कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि 13 फरवरी को दोपहर आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन होगा। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे। जिला के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित स्थान व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### कार की टक्कर से बाइक सवार कर्मचारी की मौत

**कैथल।** गांव जाखौली के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में एचकेआरएन कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान चहल पट्टी किठाना के 40 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है। यह कर्मी पब्लिक हेल्थ विभाग में कार्यरत था। मामले में तितरम थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौदह को होने वाली खाप की मीटिंग स्थगित: झील

**उचाना।** सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां के सचिव रामपाल झील ने बताया कि जो 14 फरवरी उचाना मंडी के अग्रसेन मंदिर में एक प्रधान एक चबूतरा के लिए जो मीटिंग होनी थी वो स्थगित कर दी गई। 15 फरवरी को खाप के पालवां चबूतरे पर खाप कमेटी की तरफ से आगामी कार्यकारिणी चुनने के लिए विचार-विमर्श को लेकर मीटिंग बुलाई है। खाप के सभी गांव से लोग इसमें शामिल होंगे।

### कैथल: कोचिंग सेंटर से युवती लापता

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा सीवन के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 11 फरवरी को उसकी बेटी कैथल के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी।

### सट्टा खाईवाली करते एक पकड़ा, 30 हजार बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने सट्टा खाईवाली करते व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 30100 रुपये बरामद किए हैं। सफीदों पुलिस ने आरोपित के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए की टीम नहर पुल सफीदों के पास मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति बर्फ फैक्टरी वाली गली के पास सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### गांव कुराड़ में रक्तदान शिविर का आयोजल कल

**कलायत।** पुलवामा हमले के शहीदों की याद में जन नायक जन सेवा ट्रस्ट द्वारा 14 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष मंजीत बूरा ने बताया की उनकी संस्था द्वारा लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 14 फरवरी को आयोजित किया जाने वाला रक्तदान शिविर 26 वां होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव से 22 वर्षीय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के एक व्यक्ति ने एफआईआर में बताया कि 11 फरवरी को उसकी 22 वर्षीय बेटी बिना बताए कहीं चली गई। पता चलने पर उसे आसपास तथा रिश्तेदारियों में ढूंढा लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लगा।

### नकदी चुराने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** कस्बा कलायत से दिन दहाडे चोर एक दुकानदार के गल्ले से 6 हजार रुपए की नकदी चुरा कर ले गए। संत कुमार ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 फरवरी को दोपहर करीब 2:00 बजे अज्ञात व्यक्ति धोखाधड़ी से उसके गले से 6000 की नौकरी चुरा कर ले गए।

## स्कूलों में शिक्षकों, अभिभावकों व अन्य कर्मचारियों ने बच्चों को मिड-डे मील परोसा

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जींद में रहा मिला-जुला असर

### न तो सरकारी परिवहन सेवाएं बाधित हुई और न ही रेल यातायात, इंतकाल, जमाबंदी, रिहायशी प्रमाण पत्र को लेकर परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/कैथल

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का गुरूवार को मिला-जुला असर रहा। न तो सरकारी परिवहन सेवाएं बाधित हुई और न ही रेल यातायात पर हडताल का कोई असर दिखा। हालांकि पटवार भवन में ताला लटका रहा और लोगों को परेशानी हुई। पीएनबी बैंक के क्लेरिकल स्टाफ के हडताल पर रहने के चलते कामकाज प्रभावित हुआ। वहीं अन्य बैंकों में काम सुचारू रूप से चला। वहीं शहर में बिजली, पानी, परिवहन, मुख्य बाजार, टेलीफोन, रेलवे सभी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। हड़ताल के कारण इनसेवाओं में कोई बाधा नही है। दिनभर कर्मचारी व मजदूर संगठन मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते रहे। धरने, जलूस तथा प्रदर्शनों का सिलसिला दिनभर चलता रहा। उधर, सीटू कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधान रिषिपाल हैबतपुर के नेतृत्व में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर प्रदर्शन किया। जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस हड़ताल का पूर्ण समर्थन करती है और पार्टी कार्यकर्ता श्रमिकों व किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के आह्वान पर की जा रही यह हड़ताल देश के श्रमिकों, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नई श्रमिक नीतियां और आर्थिक फैसले मजदूर व किसान विरोधी हैं। नए श्रमिक कानूनों के जरिये कर्मचारियों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है, जबकि मनरेगा को समाप्त कर वीजी जीआरएमजी कानून लागू करने की तैयारी ग्रामीण गरीबों के हितों पर सीधा प्रहार है। इसके अलावा परमाणु शांति कानून, बिजली संशोधन बिल और भारत, अमेरिका कर मुक्त व्यापार समझौता भी देश की आर्थिक संप्रभुता और आम जनता के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई चरम पर है और छोटे व्यापारियों, किसानों व मजदूरों की स्थिति लगातार खराब हो रही है। यह संघर्ष केवल मजदूरों या किसानों का नही बल्कि पूरे देश के भविष्य का है। इस मौके पर अमनदीप, दीपक पिंडारा, दिनेश डाहौला, प्रमोद, जगबीर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, एक्सग्रेशिया नीति, शिक्षा परिवहन, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क सहित अन्य विभागों में ठेका प्रथा, निजीकरण, अनुबंध प्रणाली, किसानों की मांगों को लेकर सरकार द्वारा अपनाए जा रहे अडियल रवैये के रोष स्वरूप केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर हड़तालरत कर्मियों ने धरने व प्रदर्शनों की शुरूआत की। गुरूवार को बस अड्डे पर रोडवेज कर्मचारियों ने अनूप लाठर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। रोडवेज कर्मियों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिसबल तैनात कर दिया गया था। हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के डिपो प्रधान राममेहर, अनूप लाठर ने कहा कि हरियाणा व केंद्र सरकार कहीं पर भी रोजगार का नाम नही ले रही है। इनके द्वारा ही किसान विरोधी और मजदूर विरोधी कानून लेकर आ रहे हैं। रोजगार का नाम न लेते हुए कर्मचारी किसान मजदूर कानून को बदलने जा रही है। इसका रोडवेज का कर्मचारी और प्रदेश का एक-एक व्यक्ति केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को स्पष्ट चेतावनी देना चाहते हैं कि मांगों को पूरा किया जाए।

### अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं रहीं बहाल



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित रही

हडताल के चलते पटवारी, बैंक कर्मचारी, मिड डे मील वर्करों के हड़ताल पर रहने से सेवाएं आंशिक रूप से बाधित रही। पटवारियों के हड़ताल पर रहने के चलते इंतकाल, जमाबंदी, रिहायशी प्रमाण पत्र, लोन फाइलों से संबंधित फाइलों का काम बाधित रहा। वहीं कुछ स्कूलों में मिड डे मील वर्करों के हड़ताल पर जाने से कुछ स्कूलों में शिक्षकों, अभिभावकों व अन्य कर्मचारियों ने बच्चों को मिड डे मील परोसा। वहीं नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे। इससे शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित रही और शहर में सफाई नहीं हुई। इस कारण शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहे। वहीं रोडवेज कर्मचारियों ने दो घंटे बस स्टैंड परिसर में ही नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। हालांकि बसों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहा। वहीं डाक विभाग में भी कर्मचारी ड्यूटी पर रहे। बिजली निगम, जन स्वास्थ्य विभाग व स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे लेकिन बिजली, पानी व स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिला।

### अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं रहीं बहाल

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल व चिकित्सा केंद्रों पर स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाएं बहाल रही। यहां लोगों ने आम दिनों की तरह ही उपचार करवाया। हालांकि हडताल को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने नारेबाजी की। नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारी तालमेल कमेटी राज्य प्रधान राममेहर वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना दिया। इसके चलते क्लर्क, लैबोरेट्री तथा एक्सरे बंद हो गए हैं। दवाइयां भी किसी अन्य कर्मचारी से बटवाई जा रही है।

### पीएनबी में लेनदेन प्रभावित

जींद शहर के पंजाब नेशनल बैंक की सभी शाखाएं खुली रही। परंतु क्लेरिकल स्टाफ के हड़ताल पर होने के कारण लेनदेन का कार्य प्रभावित रहा। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सभी बैंकों की शाखाएं खुली रही तथा कार्य सुचारू रूप से चला। हड़ताल में बिजली कर्मचारियों ने भाग तो लिया लेकिन किसी भी तरह बिजली सप्लाई को बाधित नही किया। इसके चलते जिला में बिजली व पेयजल सप्लाई बहाल रही और लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नही हुई।

### बाजारों में हड़ताल बेअसर

हडताल का असर बाजारों में भी दिखाई नहीं दिया। आम दिनों की तरह ही बाजार खुले रहे। हालांकि विभिन्न संगठनों ने बाजार बंद रखने के लिए कहा था लेकिन बाजार सुचारू रूप से खुला। बाजारों में हडताल का कोई असर दिखाई नहीं दिया और रोजमर्रा की तरह की बाजारों में दुकान खुली।

## कैथल में व्यापक असर: बैंकों में हड़ताल से 50 करोड़ रुपये का लेनदेन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का कैथल में व्यापक असर देखने को मिला। सरकारी बैंकों के साथ साथ कई विभागों में कामकाज ठप हुआ। इस कारण यहां पर पहुंचे लोगों को काम न होने के कारण मायूसी ही हाथ लगी। सबसे अधिक परेशानी नगर परिषद कार्यालय तथरा बैंकों में देखने को मिली। यहां पर हड़ताल के चलते कार्यालय में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हड़ताल के कारण नगर परिषद में जहां आधार कार्ड से संबंधित काम नहीं हुआ तो वहीं टैक्स ब्रांच बंद होने के कारण सैकडों लोग टैक्स नहीं भर पाए। हड़ताल के चलते न सफाई हुई और न कचरे का उठान हो पाया। सफाई न होने के चलते शहर के कचरे का उठान नहीं हो पाया। स्कूलों में मिड-डे मील न बनने के चलते इन स्कूलों ने बाहर से महिला कर्मचारियों को बुलाकर बच्चों का खाना बनवाया। यही नहीं नए बस स्टैंड पर भी लंबी दूरी की बसों के संचालन में देरी हुई। इस कारण बस स्टैंड पर पहुंचे यात्रियों को इंतजार करते देखा गया। पटवारियों के हड़ताल पर रहने के कारण लोग जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए हस्ताक्षर नहीं करवा सके। जिलेभर के करीब 50 बैंकों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। इस कारण करीब 50 करोड़ रुपए से अधिक के लेन-देन प्रभावित हुआ। इस हड़ताल में पीएनबी बैंक से संबंधित सभी ब्रांचों में काम नहीं हुआ।



कैथल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते हड़ताली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### कर्मचारियों ने लघु सचिवालय में नारेबाजी कर जताया रोष

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पूरे देश सड़कों पर मेहनतकश जनता का जबरदस्त हजूम उमड़ा। इसी कड़ी कैथल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने जवाहर पार्क में और सीटू व अन्य जनसंगठनों ने हनुमान वाटिका में इकट्ठे होकर जिला सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन किए। इनकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र पहलवान, रमेश हरित, शकुंतला, कामरेड सतपाल आनंद व फूल सिंह गौतम ने सयुक्त रूप से की व संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक सचिव सुरेश देवबन व जयप्रकाश शास्त्री ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, उपप्रधान कपिल सिरोही,सहसचिव शिवचरण, जिला प्रधान ओमपाल भाल, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, कैशियर रामफल दयोहरा हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महा सचिव रामपाल शर्मा, फायर कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र सीनंद व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान बसाऊ राम चंदाना ने बताया कि मुख्य मांगो में 8वें वेतन अयोग लागू होने तक सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम रहात के रूप मे देना, आठवें वेतन आयोग से पहले 7वें वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, श्रम कानूनों में किए गए अनाप शनाप संशोधनों को रद्द करने, ठेका प्रथा के तहत लगे सभी कर्मचारियों को विभाग के पे रोल पर लेते माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 व 31 दिसंबर, 2025 के फैसले अनुसार नियमितीकरण की पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाएं।

### दमनकारी नीतियों को सहन नहीं करेंगे

**कलायत।** बीपीडीओ कार्यालय परिसर में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। सभा में अध्यक्ष मंडल की भूमिका भारतीय किसान यूनियन जिला संयोजक गुरनाम सहारण, सर्व कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष सुमन देवी, रिटायर कर्मचारी संघ से मास्टर कर्मवीर व सीटू नेता कामरेड सत्यवान ने निभाई। मंच संचालन सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान रमेश कोलेखां व मनरेगा नेता अजय कुमार द्वारा किया गया। राष्ट्रव्यापी रोष सभा के ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों से आए नेताओं ने अपने-अपने विभागों की मांगें उनकी समस्याएं उठाई। आरोप लगाया कि मजदूर, किसान कच्चे कर्मचारी, आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर, आशा, मिड डे मील वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, मनरेगा मजदूर व विभिन्न वर्ग बुरी तरह से प्रभावित हैं। सरकार को चेतावनी दी कि समय रहते कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया ,निजीकरण की नीतियों पर सरकार ने रोक नहीं लगाई और लंबित मांगें नहीं मानी तो राष्ट्र व्यापारी आंदोलन की रूपरेखा अपनाई जाएगी। अब सरकार की दमनकारी नीतियों को सहन नहीं करेंगे। सरकार के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। प्रदर्शन को संबोधित करने वाले नेताओं में मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ के राज्य के नेता सुरेश उचाना, सीटू के राज्य के नेता कामरेड सत्यवान, भारतीय किसान यूनियन के नेता गुरनाम सहारण, प्रवक्ता जोरा सिंह शिमला, आंगनवाड़ी यूनियन प्रधान सुमन देवी, सुपरवाइजर यूनियन से सुमन देवी, एमपीएचई संगठन से जिला प्रधान देवी रानी, नगर पालिका कर्मचारी यूनियन से ब्लॉक प्रधान संजीव कुमार, मनरेगा मजदूर यूनियन से अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### राजौंद: प्रदर्शन कर आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**राजौंद।** विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को जलघर प्रांगण, राजौंद में कर्मचारियों, किसानों, मजदूरों और नौजवान संगठनों ने एकत्रित होकर विशाल रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद शहर में मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सभा की अध्यक्षता सीटू जिला कमेटी सदस्य वीरभान जखौली, आशा वर्कर यूनियन जिला सचिव कविता तथा हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं सर्व कर्मचारी संघ खंड राजौंद के अध्यक्ष मास्टर राजकुमार कश्यप ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन सीटू जिला सचिव नरेश कुमार रोहेड़ा और अध्यापक संघ जिला सचिव मास्टर अमरनाथ ने किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों से कर्मचारी, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और बेरोजगार युवा वर्ग परेशान हैं। कच्चे कर्मचारियों को नियमित न करना, निजीकरण को बढ़ावा देना, श्रम कानूनों में बदलाव और नई आर्थिक नीतियों को उन्होंने जनविरोधी बताया। आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी और मनरेगा मजदूरों को कर्मचारी का दर्जा देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। मुख्य वक्ता मास्टर अमरनाथ किठानिया ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया और पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने भारत-अमेरिका ट्रेड डील, नए बिजली बिल, शिक्षा नीति 2020 और चार लेबर कोड का विरोध जताया। सभा को सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक नेता रोहतास, होशियार सिंह, संदीप (नगरपालिका), किसान सभा के सुभाष जागलान, मिड डे मील वर्कर यूनियन की सुदेश गुलियाना, कृष्णा खेड़ी, चंद्रावती, सुनीता सेहरदा, आशा वर्कर यूनियन की रोशनी, ऊषा, राजबाला आदि मौजूद रही।

### नव नियुक्त सेशन जज कंचन माही का स्वागत

**कैथल।** जिला बार एसो की ओर से आज बार रूम में नव नियुक्त सेशन जज मैडम कंचन माही के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यहां पहुंचने पर सबसे पहले जिला बार एसो के कार्यकारी प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर एडीजे अनूपमिश मोदी, नंदिता कौशिक, मोहित अग्रवाल, अमित गर्ग, एसीजेएम अमनइंद्र सिंह, विरेन कादयान, चीफ ज्यूडिशियल विनोद कुमार, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार, जेएमआईसी अंकिता महाजन, संदीप कौर, तुषार शर्मा, प्रिंस कुमार, उपभोक्ता कमीशन की प्रैजीडेंट नीलम कश्यप, सदस्य हरिशा मेहता, सुनील मोहन सहित सभी न्यायिक अधिकारी व वकील उपस्थित रहे।

## जिला परिवहन विभाग ने स्कूली बसों की जांच के लिए चलाया अभियान

# नरवाना के दो विद्यालयों में 32 बसें जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिवहन विभाग द्वारा वीरवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान नरवाना क्षेत्र में दो स्कूलों में बसों की जांच की गई। इस दौरान दो निजी स्कूलों में 32 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बसों में सभी मानक पूरे पाए गए। इसके चलते कोई जुर्माना नहीं लगाया गया। वहीं पिछले सप्ताह स्कूली बसों की जांच नहीं हो पाई थी। गौरतलब है कि कि डीटीओ टीम की ओर से सप्ताह में हर वीरवार बसों की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान बसों की स्थिति, सीसीटीवी कैमरे, चालकों के लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की जाती है। वहीं बुधवार को एडीसी कार्यालय के सभागार में एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन नीति को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश थे कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और नियम तोडऩे वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एडीसी ने कहा था कि स्कूलों में चलने वाले सभी वाहन तय मानकों के अनुसार होने चाहिए। किसी भी वाहन में क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जाए। सभी स्कूल बसों के चालक और परिचालकों की ट्रेनिंग भी करवाई जाए ताकि वे यातायात नियमों का पालन करें और बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। स्कूल बसों की नियमित जांच पर भी विशेष जोर दिया जाए। जिले में सड़क हादसों में कमी लाई जा सके और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



### लगातार जारी रहेगा अभियान

जिला परिवहन विभाग के निरीक्षक बलजीत सिंहने बताया कि सप्ताह में हर वीरवार को स्कूली बसों की जांच की जाती है। दो स्कूलों में 32 बसों की जांच की गई थी। इस दौरान सभी मानक पूरे पाए गए तो कोई जुर्माना इस सप्ताह नहीं लगाया गया है। बसों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे में सभी स्कूल संचालकों को चाहिए कि वह बसों में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए नियमानुसार हर चीज मुहैया रखे।

### चार किलो 158 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव के पास पुलिस ने नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से चार किलो 158 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान भैणी महाराजपुर निवासी सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मालवी गांव के आसपास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया और बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को काबू किया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गांजा बरामद हुआ।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन बाल विवाह मुक्त भारत के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### छात्र शिवम ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के लिए गर्व का क्षण है कि कॉमर्स विभाग के एमकॉम प्रथम वर्ष के छात्र शिवम ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। यूजीसी नेट परीक्षा देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक मानी जाती है।

### छात्राओं को पढ़ाया कानून का पाठ

जींद। राजकीय कालेज अलेवा में महिला प्रकोष्ठ एवं लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. मुनीष कुमार ने की तथा संचालन डा. सुनेत रानी ने किया। मुख्य रूप से अलेवा थाना से महिला हेल्प डेस्क प्रभारी नीलम ने भाग लिया। डा. मनोज, डा.सीमा कश्यप के अलावा पुलिस विभाग से अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### धन की शुद्धि के लिए दान जरूरीः अहिरका

जींद। असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक पंडित राम निवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को शुद्ध रखने के लिए हमें नित्य स्नान करना पड़ता है, कपड़ों को धोना, बर्तनों को मांजना, घर को लीपना, पोतना, बुहारना पड़ता है। इसी प्रकार धन की शुद्धि के लिए अपनी कुछ जरूरतों में कटौती करके भी नित्य दान देना भी जरूरी है। जिस प्रकार पृथ्वी से निकलने वाली धातुओं को जब तक अग्नि में नहीं तपाया जाता है, वे अशुद्ध रहती है।

### दिव्यांगों के लिए अलग पंक्ति अनिवार्यः सौरव

जींद। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सौरव चोयल ने बताया कि उचित मुल्य की दुकानों पर कई बार अधिक भीड़ होने की स्थिति में लाईनें लग जाती है। जिससे दिव्यांगजनों को परेशानी का सामान करना पड़ता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए दुकान संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### एबीवीपी कल निकालेगी तिरंगा यात्रा

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की पुण्य स्मृति में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा 13 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय जींद से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय तक आयोजित की जाएगी।

### जल मिशन की सफलता जनभागीदारी से संभव

सीवन। गांव थेह खरक में जल अर्पण दिवस के अवसर पर ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गांव के सरपंच मनप्रीत सिंह ने की। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-1, कैथल के नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता अभिषेक के मार्गदर्शन में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

सीवन। राजकीय वमावि, खेड़ी गुलाम अली की बैंकिंग एवं इंश्योरेंस वोकेशनल टीचर अंजू रानी ने अपनी पुत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल करते राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सभी 90 विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। कॉपियां, स्केच पेन के पैकेट, पेंसिल, रबर तथा शार्पनर भेंट किए।

## राजकीय कन्या स्कूल पूंडरी के निरीक्षण के दौरान बोली उपायुक्त

# सवाल पूछना कमजोरी नहीं बल्कि बुद्धिमानी की निशानी

### जॉयफुल एक्टिविटी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाना

### जॉयफुल एक्टिविटी में भाग लेकर बच्चों को जिज्ञासु बनने एवं खुलकर सवाल पूछने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत की। डीसी ने बच्चों के साथ जॉयफुल एक्टिविटी में भी भाग लेकर उन्हें जिज्ञासु बनने और खुलकर सवाल पूछने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सवाल पूछना कमजोरी नहीं, बल्कि बुद्धिमानी की निशानी है। इसलिए अपने अंदर क्यों और कैसे को जीवित रखें। डीसी अपराजिता ने कहा कि अक्सर बच्चे डर या झिझक के कारण सवाल नहीं पूछते और कई बार उत्तर गलत होने के डर से किसी सवाल का जवाब देने से भी हिचकिचाते हैं। गणित जैसे विषयों से अक्सर बच्चों को डर लगता है। जॉयफुल एक्टिविटी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाने और खेल-खेल में व्यावहारिक ज्ञान देना है। उन्होंने विज्ञान विषयों की विभिन्न लैब सहित विभिन्न कक्षा कक्षों में जाकर बच्चों द्वारा किए जा रहे प्रयोगो में रुचि दिखाई। उन्होंने विभिन्न प्रकार के केमिकल के नाम और उनके कार्य के बारे में बच्चों से सवाल जवाब भी किए। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा जरूरी प्रैक्टिकल नॉलेज है। जब बच्चे खुद प्रयोग करते हैं, तो विषय की समझ गहरी होती है।



डीसी अपराजिता राजकीय कन्या वमावि पूंडरी की छात्राओं से बातचीत करते।

#### ये रहे मौजूद

इसके बाद उन्होंने मिड डे मील में भोजन की गुणवत्ता और स्कूल में बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा। व्यवस्थाओं को देखकर डीसी ने स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों व अध्यापकों के साथ बैठक भी की और निर्देश दिए कि कक्षा में कुछेक बच्चों की बजाए, सभी बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल करें। जो बच्चे सवाल पूछने से झिझकते हैं, उन्हें बातचीत करके सवाल पूछने बारे प्रेरित करें। ऐसे बच्चों का हौसला बढ़ाएं। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता मैहर आदि मौजूद रहे।

## नियमानुसार जीएसटी और अन्य करों की वसूली का विवरण तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला स्तरीय केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति की बैठक डीसी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी अपराजिता ने केबल टीवी नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों और स्थानीय केबल ऑपरेटरों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि वे उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। डीसी अपराजिता ने बिजली विभाग और स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे केबल ऑपरेटरों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे खंभों की जांच करें। ऑपरेटरों को इन खंभों के उपयोग के लिए विभाग के नियमानुसार अनुमति को लेकर अपनी स्थित स्पष्ट करें और केबल तारों के कारण यदि कोई नुकसान हुआ है तो उसका भी आकलन करें। कराधान विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमानुसार जीएसटी और अन्य करों की वसूली का विवरण तैयार करें। जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी को सभी सीएससी सेंटर संचालकों को भारत कोष पोर्टल के उपयोग हेतु कार्यशाला आयोजित करवाएं, ताकि केबल ऑपरेटर्स को किसी तरह की परेशानी न आए। वे अपने स्तर पर भी लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकें। साथ ही दूरदर्शन के सही संचालन को लेकर भी निगरानी करें। डीसी ने अधिकारियों को संबोधित करते कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें ताकि केबल नेटवर्क विनियमन अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके। बैठक का संचालन डीआईपीआरओ नसीब सैनी ने किया।



विधायक सतपाल जांबा अभियान रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते।

### अभियान को पूर्ण समर्थन देने का दिया आश्वासन

कैथल। एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे 100 दिवसीय "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत जांबा गांव में भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हरी झंडी दिखाकर रथ यात्रा को विधिवत रवाना किया और अभियान को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। गांव का वातावरण पूरी तरह जन-जागरूकता के संदेशों से गूंज उठा। ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस सामाजिक मुहिम को अपना समर्थन दिया। रथ यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक तथा जिला समन्वयक अशोक कुमार ने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के साथ अन्याय है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने कहा कि इस 100 दिवसीय अभियान का उद्देश्य समाज में व्यापक जनचेतना फैलाकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना है।

### गलत रिपोर्ट देने पर पूर्व सरपंच सहित दो के खिलाफ केस दर्ज

कैथल। एक व्यक्ति का पंचायती भूमि में धोखाधडी से बिजली मीटर लगाने की गलत रिपोर्ट देने के आरोप में चीका थाना पुलिस ने टिटियाना के पूर्व सरपंच शुभशेर सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला गुहला के एसडीएम प्रमेश सिंह के कार्यालय की शिकायत पर दर्ज किया है। संबंध में एसडीएम गुहला कार्यालय से प्राप्त शिकायत में पाया कि टिटियाना के नेक सिंह ने बिजली कनेकशन के लिए बिजली निगम में आवेदन किया था। आवेदन के दौरान उसकी भूमि को तत्कालीन सरपंच शुभशेर सिंह द्वारा सत्यापित किया गया था। जब निगम द्वारा इस भूमि की जांच करवाई तो भूमि पंचायती पाई गई। इस प्रकार से पूर्व सरपंच शुभशेर सिंह तथा नेक सिंह ने मिलीभगत करते निगम के साथ धोखाधडी की। मामले के जांच अधिकारी चीका थाना पुलिस के सब इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### पं. दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा का प्रतीक : गोयल

जींद। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता मदन लाल गोयल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का प्रतीक था। जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरणा लेनी चाहिए। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। देश में एकात्मता का भाव जागृत करने का कार्य किया। देश की आजादी के बाद राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जनसंघ की स्थापना की। जो आज भाजपा के रूप में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। विजय पाल एडवोकेट, तेजेंद्र रोहड़, डा. पुष्पा तायल, रवि थनई, श्रीकांत शर्मा, रामराज शर्मा, सुरेंद्र धवन, रिछपाल शर्मा, विकास श्योकंद आदि मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं व अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

### नव दुर्गा स्कूल में बारहवीं के छात्रों को दी विदाई

जींद। स्थानीय नव दुर्गा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कक्षा बारहवीं की विदाई पार्टी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन शिव नारायण शर्मा तथा प्रधानाचार्या सोनू शर्मा वृंदा ने दीप प्रज्जवलन करके किया। इस समारोह में सभी विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें गायन, नृत्य, म्यूजिकल चैयर्स, फन गेम्स आदि शामिल थे। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा खूब आनंद उठाया। सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। विद्यालय के चेयरमैन शिवनारायण शर्मा, प्रधानाचार्या सोनू शर्मा वृंदा तथा सभी अध्यापकों ने बच्चों को खूब आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शिव नारायण शर्मा तथा प्रधानाचार्या सोनू शर्मा वृंदा ने 10$2 के विद्यार्थियों को उपहार दिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आर्शीवाद तथा उपहार देकर विदा किया।

## राष्ट्रीय पैरा कबड्डी प्रतियोगिता में लक्ष्य ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी लक्ष्य चहल ने राष्ट्रीय पैरा कबड्डी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉज मेडल जीता है। प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद लक्ष्य चहल के स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। रिषिकुल पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल राजीव गिल ने बताया कि पैरा कबड्डी प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित की गई थी। जिसमें लक्ष्य चहल ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कबड्डी में टीम को तृतीय स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अब लक्ष्य चहल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए कनाडा जाएगा। लक्ष्य के उज्जवल भविष्य की कामना करते कहा कि बच्चों को लक्ष्य से प्रेरणा लेकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में खेलों का अत्यंत महत्व है। क्योंकि ये शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सतर्कता और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित खेल खेलने से आत्मविश्वास, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल का विकास होता है, साथ ही तनाव कम होकर अकादमिक प्रदर्शन में सुधार होता है। खेल तनाव कम करने, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ प्रतियोगिता की भावना को बढाता है। इसके अलावा टीम वर्क, रणनीतिक सोच भी आती है। वहीं जब हम जीतते हैं तो हम विनम्र बने रहते हैं और जब हम हारते हैं तो हम फिर से प्रयास करना सीखते हैं। इसलिए सभी बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में अवश्य लेना चाहिए।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने के लिए किया प्रेरित

# नियमित सूर्य नमस्कार करने से शरीर का सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग जींद द्वारा पर्यवेक्षक उर्मिला के सानिध्य में अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रामचंद्र करसिंधु ने सूर्य नमस्कार करवाया। रामचंद्र करसिंधु ने बताया कि नियमित योग करने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। सूर्य नमस्कार के माध्यम से हम सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। भ्रामरी प्राणायाम व कुछ सूक्ष्म आसन करवाए तथा कमर व जोड़ों के दर्द ठीक करने के लिए भुजंगासन, मकरासन, वक्रासन, वज्रासन, बटरफ्लाई व गौमुखासन का अभ्यास करवाया। पर्यवेक्षक उर्मिला ने बताया कि नियमित सूर्य नमस्कार करने से शरीर का सर्वांगीण विकास होता है तथा कहा कि योग व प्राणायाम द्वारा अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व उपस्थित सभी महिलाओं को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता, कृष्णा देवी, रेखा, सुशीला, सरोज, माया, सुरेश, प्रमिला, संतोष, अंगूरी मौजूद रही। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद डॉ. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार आयुष योग सहायक सतीश कुमार द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौदा में सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन। छात्राओं को सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म क्रियाएं, प्राणायाम, तथा स्वास्थ्यवर्धक दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी गई। योग अभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। यह सूर्य नमस्कार अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से प्रारंभ होकर महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती 12 फरवरी तक निरंतर चलाया गया, जिसका समापन हुआ। योग सहायक सतीश कुमार ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की अहम भूमिका है। इस मौके पर जितेंद्र, नरेश कुमारी, सुमन, प्रीति प्रमिल, सरोज सीमा उपस्थित रहे।








## खबर संक्षेप



### स्व. ईश्वर सिंह को 28वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

ढांड। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ईश्वर सिंह की 28वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ मनाई। कार्यक्रम में दूर-दराज से पहुंचे गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों तथा क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व उनके सुपुत्र, प्रबंधन समिति के प्रधान, पूर्व विधायक हल्का पूंडरी तेजवीर सिंह ने किया। सर्वप्रथम उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की व प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके उपरांत चौधरी तेजवीर सिंह द्वारा रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया, जिसमें युवाओं व क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते समाजसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर गांव कौल के सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार, मास्टर जसवीर, चमेल सिंह बरसाना , बालवीर ठयोंठा, रामपाल पंच, करण सिंह महासचिव, कंवर सिंह उपप्रधान, अनिल नंबरदार ईश्वर बट्टी, मेहर सिंह आदि मौजूद थे।



### महादेव कॉलोनी पहुंची चलता-फिरता अस्पताल वैन

कैथल। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की "आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल" वैन गत दिवस कैथल शहर के वार्ड नंबर 2, महादेव कॉलोनी में पहुंची। इस चलते-फिरते अस्पताल में वार्डवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की । सुबह से ही वार्ड 2, महादेव कॉलोनी में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान कीं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सुविधा की खूब सराहना की। आदित्य सुरजेवाला का धन्यवाद करते सरोज देवी, राजिन्द्र कौर, सुनीता बरेजा, शिखा खुराना, सुमन मल्होत्रा, रेनू ढींगरा, संतोष कश्यप, अशोक कुमार, रामसरूप, राजपाल, सिया राम, नरसी दास, सूरजभान, गुरदयाल, मुकेश, राजकुमार, विजय कुमार, हरबंस, सुरेंद्र, प्रवीण इत्यादि व वार्डवासियों ने कहा कि घर के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिल जाए, इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है।

### खेल मैदान के अभाव में राजौंद के खिलाड़ी परेशान

राजौंद। प्रदेश सरकार जहां एक ओर खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे कर रही है, वहीं राजौंद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेल मैदान का अभाव युवाओं के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। स्थिति यह है कि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए खाली खेतों और गांव की गलियों का सहारा लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में खेल का आधारभूत ढांचा ही उपलब्ध नहीं है। खेल प्रेमियों का कहना है कि गांव में उचित खेल मैदान न होने से युवाओं का रुझान खेलों की ओर कम होता जा रहा है। मैदान के अभाव में न तो नियमित अभ्यास हो पाता है और न ही किसी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन संभव हो पाता है। खिलाड़ियों ने बताया कि वे अस्थायी रूप से खाली खेतों में मैदान बनाकर कुछ दिन अभ्यास करते हैं, लेकिन कुछ समय बाद खेतों में बुवाई शुरू हो जाने से उन्हें वह स्थान भी छोड़ना पड़ता है। इसके बाद मजबूरन गांव की सड़कों और गलियों में खेलना पड़ता है।

### ऐतिहासिक होगी उचाना विकास रैली : खरकभूरा

उचाना। उचाना मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि 18 फरवरी को अतिरिक्त मंडी स्थिति अनाज मंडी में होने वाली उचाना विकास रैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली को सीएम नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे। रैली में उमडने वाला जन सैलाब विधायक की हलके में बढ़ रही लोकप्रियता को साबित करने का काम करेगा। ये रैली उचाना में हो रहे विकास की रफ्तार को बढ़ाने के साथ-साथ विकसित उचाना का जो सपना लोग देख रहे है उसको पूरा करने काम करेगी। कहा कि अनाज मंडी में हर आढ़ती की दुकान के साथ-साथ शहर के बाजारों में दुकान-दुकान पर जाकर रैली का निमंत्रण अपनी टीम के साथ देंगे। व्यापारी, किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं के साथ-साथ हर वर्ग की भागीदारी रैली में होगी। रैली से पहले लोगों में दिखाई दे रहा जोश इस बात का प्रमाण है कि उचाना में होने वाली रैली में जनसैलाब उमड़ेगा।

### वृद्धों की पेंशन काटने के विरोध में प्रदर्शन 20 को

जींद। इनेलो पार्टी कार्यालय में हलका कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह रेढू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 20 फरवरी को पंचकूला में बुढ़ापा पेंशन काटने के विरोध में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन की कामयाबी के बारे में विचार-विमर्श किया। कहा कि सरकार पेंशन धारकों के ऊपर कैंची लेकर के खड़ी हो चुकी है। चाहे बुढ़ापा पेंशन हो, चाहे विकलांग पेंशन हो, चाहे विधवा पेंशन हो, सभी को किसी ने किसी बहाने से लगातार काटती ही जा रही है। जिससे समाज में गहरा रोष है। ये सरकार जहां वृद्धों के के खिलाफ है वहीं विधवा व दिव्यांगों के भी खिलाफ है लेकिन बुढ़ापा पेंशन जो ताऊ देवीलाल ने सन 1987 की 20 जून को शुरू की थी, जिसको सम्मान के रूप में वृद्धों को दिया जाता था। आज इनेलो बड़ी एवं बुजुर्ग आहत हैं। सरकार के इस घिनौने फैसले से अभय सिंह चौटाला ने इस बात का फैसला लिया है कि किसी भी हालत में हम वृद्धों की पेंशन नहीं काटने देंगे।



### छात्रों को यूजीसी नेट परीक्षा के बारे में बताए टिप्स

जींद। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी हेतु दो दिवसीय एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर (रेवाड़ी) के सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग डा. संदीप कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को यूजीसी नेट परीक्षा के सिलेबस, पेपर पैटर्न, अध्ययन रणनीति एवं सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य को दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डा. सुनीता मेहरा ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा की गंभीर तैयारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही तथा उन्होंने इस व्याख्यान को अत्यंत लाभदायक बताया। शर्मिला, भूपेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट प्रावधानों के बारे में दी जानकारी

जींद। कानूनी जागरूकता एवं अनुसंधान दक्षता को सुदृढ़ करने को लेकर वीरवार को पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अनुसंधान कार्य को और अधिक सटीक, संवेदनशील एवं कानून के अनुरूप बनाना रहा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिला उपनिरीक्षक नरेश कुमारी ने पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों पर जानकारी दी। उन्होंने बाल संरक्षण से संबंधित कानून की प्रमुख धाराओं, केस दर्ज करने की प्रक्रिया, पीड़ितों के अधिकारों, मेडिकल व बयान संबंधी आवश्यक प्रोटोकॉल तथा अदालत की कार्यवाही के पहलुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने विशेष रूप से पॉक्सो मामलों में संवेदनशीलता, गोपनीयता और त्वरित कार्रवाई करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त एडीए पी सोनू कुमार द्वारा जुवेनाइल एक्ट के संबंध में भी बताया। उन्होंने बताया कि किशोर मामलों में कानून की समझ और प्रक्रिया की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप


उचाना। रिनू को बेस्ट ऑलराउंडर चुने जाने पर सम्मानित करते हुए।

### रिनू कबड्डी टूर्नामेंट में बनी बेस्ट ऑलराउंडर

**उचाना।** तमिलनाडू में 8 से 11 फरवरी तक आयोजित हुई ऑल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट में खटकड़ गांव की बेटी रिनू खटकड़ पुत्री बलजीत बेस्ट ऑलराउंडर चुनी गई। टूर्नामेंट में सांई साकेत की टीम में रिनू खटकड़ बतौर ऑलराउंडर के तौर पर शामिल हुई। 2 लाख रुपए का पुरस्कार टीम को दूसरा स्थान प्राप्त करने पर मिला। रिनू को टूर्नामेंट में ऑलराउंडर प्रदर्शन करने पर एक तोला की सोने की अंगूठी के साथ सम्मानित किया। निरंतर कबड्डी के खेल में रिनू बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बीते माह बिच कबड्डी टूर्नामेंट में टीम हरियाणा की तरफ से रिनू ने गोल्ड मेडल जीता था।

### मारपीट की घटनाओं में महिला सहित दो घायल

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में आठ व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दुब्बल के प्रदीप ने बताया कि 9 फरवरी को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही अमन व अनिल ने अपने सात -आठ अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पर गंडासी से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### सरस्वती स्कूल डुलयानी में विदाई समारोह संपन्न

**पूंडरी।** सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुलयानी के प्रांगण मे कक्षा ग्यारवी के बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास से कक्षा बारहवीं के बच्चों को दी विदाई पार्टी । जिज्ञासा एवं उत्साह से परिपूर्ण कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह दिन दोस्तों और शिक्षकों के साथ बिताए गए वर्षों के आनंदमय क्षणों को याद करने के लिए समर्पित एक उत्सव था।

### महर्षि दयानंद की जयंती पर वैदिक परंपरा संपन्न



**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी की भव्य यज्ञशाला में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या साधना बख्शी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बृहद यज्ञ से हुआ। यज्ञ से वातावरण को शुद्ध करने और वैदिक संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। उन्होंने महर्षि दयानंद द्वारा किए गए समाज सुधार कार्यों बारे बताया कि उन्होंने नारी शिक्षा को बढ़ावा देने, विधवा विवाह का समर्थन करने, बाल विवाह पर रोक लगाने और सती प्रथा जैसी कुरीतियों के उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया।

# ‘डॉग बाइट’ के उपचार को लेकर चिकित्सकों को निर्देश

## जींद अस्पताल में प्रतिदिन 80 से सौ लोग आते हैं इंजेक्शन लगवाने

निर्देशों में कहा, डॉग बाइट उपचार में प्रिस्क्रिप्शन पर श्रेणी, अवधि, घटना स्थल और काटने के निशान की जगह लिखना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा में कुत्ता काटने (डॉग बाइट) की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी नागरिक अस्पतालों के इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि कुत्ते के काटने के मामलों में प्रिस्क्रिप्शन पर श्रेणी, अवधि, घटना स्थल, काटने के निशान की जगह, दांतों की संख्या, घाव का आकार लंबाई, चौड़ाई और गहराई, रोगी की सामान्य स्थिति, उपचार और टीकाकरण कार्यक्रम का उल्लेख किया जाए। वहीं कुत्ते के काटने के मामलों पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

- जींद शहर में है बंदरों व कुत्तों का आतंक

इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों को डॉग बाइट मामलों को गंभीरता से लेना होगा। इसमें कुत्ते के काटने के मामलों में प्रिसक्रिप्शन पर श्रेणी, अवधि, घटना स्थल, काटने के निशान की जगह, दांतों की संख्या, घाव का आकार और गहराई और टीकाकरण कार्यक्रम का उल्लेख अवश्यकरना होगा। अपनी ड्यूटी (शिफ्ट) के दौरान इलाज किए गए रोगियों के नाम और यूएचआईडी नंबर का रिकार्ड रजिस्टर में रखना होगा। एक अलग ऑन कॉल रजिस्टर भी रखना होगा, जिसमें संपर्क किए गए विशेषज्ञ का नाम और कॉल का समय दर्ज होगा। प्रत्येक प्रिस्क्रिप्शन पर प्रारंभिक मूल्यांकन और उपचार का समय स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य है। एंटी रैबीज वैक्सीन जब किसी व्यक्ति को बंदर, कुत्ता या फिर कोई जानवर काट ले, उस समय लगाई जाती है। यदि किसी जानवर के काटने के 48 घंटे अंदर वैक्सीन नहीं लगे तो फिर यह काफी खतरनाक हो सकता है। खासकर कुत्तों में रैबीज के कारण ज्यादा परेशानी होती है। कोई पागल कुत्ता यदि व्यक्ति को काट ले और उसे समय पर वैक्सीन नहीं लगे तो व्यक्ति पागल भी हो सकता है। रेबीज एक घातक बीमारी है जो एक वायरस के कारण होती है। यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर हमला करती है। संक्रमित स्तनधारी रेबीज वायरस को मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों तक पहुंचा सकते हैं। एक बार लक्षण प्रकट होने पर रेबीज का कोई इलाज नहीं है। इस समय बंदरों व कुत्तों की संख्या इतनी अधिक बढ़ गई है लोग परेशान हो चुके हैं। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 50 मरीज कुत्ते, बंदर काटे के इंजेक्शन लगवाने के लिए आते हैं। प्रतिमाह की बात की जाए तो इसकी संख्या 1500 से पार चली जाती है। इनमें प्रतिदिन 20 से 22 इंजेक्शन बीपीएल और आयुष्मान कार्ड धारक लगवाते हैं। इसके अलावा जिन लोगों के बीपीएल या आयुष्मान कार्ड नही बने हैं, उन्हें 100 रुपये की स्लिप कटवानी होती है। उस स्लिप को दिखा कर नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में इंजेक्शन लगवाया जाता है। जबकि अगर निजी तौर पर एआरवी लगवाई जाती है तो एक इंजेक्शन की कीमत ही 450 रुपये तक आती है।


जींद। नागरिक अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड।

### रैबीज के लक्षण

1. बेचैनी।
2. खाना-पानी निगलने में दिक्कत होना।
3. सांस लेनें में तकलीफ ।

यह हैं रैबिज उपचार
कुत्ते, बंदर के काटने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवा एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं। काटे हुए स्थान को कम से कम 10 से 15 मिनट तक साबुन से साफ करें। जितना जल्दी हो सके वैक्सीन या एआरवी के टीके लगवाएं। पालतू कुत्तों को इंजेक्शन लगवाएं। कुत्ते या बंदर आदि के काटने पर इलाज में लापरवाही न बरतें।

### विभाग अलर्ट



नागरिक अस्पतला के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कुत्ता काटने (डॉग बाइट) की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी नागरिक अस्पतालों के इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी चिकित्सकों को इन दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी।

### एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाना जरूरी

एंटी रेबीज वैक्सीन उस स्थिति में लगाई जाती है जब किसी व्यक्ति को कुत्ते या अन्य पशु ने काट लिया हो। मरीज को 72 घंटे के अंदर वैक्सीन लगवाना आवश्यक होता है। वैक्सीन न लगवाने की स्थिति में रेबीज रोग होने का खतरा हो जाता है। ऐसे में वैक्सीन लगवाना अति आवश्यक होता है।

# छात्राओं ने अपनी मंच प्रस्तुति से मोहा मन


जींद। नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

- राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम वसंत उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम वसंत उत्सव 2026 वीरवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारं मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक तथा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जयनारायण गहलावत ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत उत्सव जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। जींद की प्रतिभाशाली बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वसंत उत्सव के आयोजक रवि कुमार ने पूरे कार्यक्रम का संचालन, समन्वय और आयोजन अत्यंत व्यवस्थित ढंग से किया। वहीं डा. राजेश बूरा ने अपने सशक्त मंच संचालन से कार्यक्रम में ऊर्जा और सुंदर प्रवाह जोड़ा। दो दिनों तक चले इस आयोजन में महाविद्यालय का वातावरण संगीत, नृत्य, कला और जोश से सराबोर रहा।

### पोस्टर मेकिंग में सृष्टि रही प्रथम

महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डा. सुमिता आशरी ने बताया कि पोस्टर मेकिंग में प्रथम सृष्टि, द्वितीय कोमल, तृतीय मन्नू, मिमिक्री में प्रथम चेतना, द्वितीय इंदू, तृतीय शगुन, मोनो एक्टिंग में प्रथम पलक, द्वितीय अंजलि, तृतीय तनिशा, गायन में प्रथम दिव्यांशी, द्वितीय पायल, तृतीय कोमल रही। काव्य गोष्ठी में प्रथम मुस्कान, द्वितीय अंजली, तृतीय तनिषा रही। भाषण में प्रथम अंजलि, द्वितीय सुप्रिया, तृतीय वंदना, पेंटिंग में प्रथम विभा, द्वितीय स्नेहा, तृतीय नैन्सी रही। ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी में प्रथम कल्पना, द्वितीय मुस्कान व तृतीय स्नेहा रही। एकल नृत्य में प्रथम तनु, द्वितीय तमन्ना, तृतीय खुशबू रही। समूह नृत्य में प्रथम खुशबू व ग्रुप, रंगोली में प्रथम करिश्मा, द्वितीय अंजली, तृतीय अंजली रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डा. जय नारायण गहलावत ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

# अनोखे ढंग से मनाया जाएगा हिंदू सम्मेलन


कलायत। कलायत में हिंदु सम्मेलन को लेकर बैठक करते आयोजक-संयोजक

**कलायत।** कलायत में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदु सम्मेलन का न्यौता देने का सिलसिला जारी है। इसके तहत शहरी-ग्रामीण अंचल में महिला एवं पुरुष टीम द्वारा हवन सामग्री वितरित करते हुए सम्मेलन में पहुंचने का न्यौता दिया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर, धार्मिक डेरों, चौपाल-चबूतरों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हाजिरी लगाई जा रही है। हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर साईं धर्मशाला में बैठक आयोजित हुई। इसमें कलायत की अनाज मंडी मे 22 फरवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा एवं अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों को अंतिम रूप दिया गया। सम्मेलन संयोजक विजेंद्र सहारण कौलेखां, महिला समिति अध्यक्ष सुमन राणा, प्रचार समिति अध्यक्ष राजू कौशिक, समाज सेवी हरीश गर्ग व प्रवीण गर्ग ने बताया कि सम्मेलन को भव्य अनुशासित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी समितियां सक्रिय हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष संपर्क अभियान जोर-जोर से चल रहा है। जिसके अंतर्गत घर-घर हवन सामग्री वितरित करते हुए सभी को निमंत्रित किया जा रहा है।

- प्राचीन कपिल मुनि मंदिर से होगी आयोजन की शुरूआत

# राजौंद में पेयजल लीकेज और टूटी सीवरेज से बढ़ा खतरा

लोगों ने लगाई स्थायी समाधान की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

नगर के मेन बाजार स्थित रामलीला ग्राउंड के पास वार्ड नंबर 9 व 11 की सांझी गली में पेयजल लीकेज और टूटी हुई सीवरेज पाइपलाइन के कारण पिछले दो महीनों से गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्रवासियों और दुकानदारों ने मुख्यमंत्री , उपायुक्त तथा जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शिकायत भेजकर स्थायी समाधान की मांग की है।

इस दौरान वार्ड 9 व 11 के निवासी एवं दुकानदार ईश्वर, कुलदीप सिंह, अशोक कुमार, आशू, प्रवीण कुमार, काला राम, मांगेराम, कुलविंदर, बृजेश, नरेश कुमार, सावित्री देवी, उमेश वर्मा, सोनू वर्मा, लवकुश, सुखविंदर, निर्मल कुमार, भीम सिंह राणा, शिवम, पंकज कुमार, दिलबाग सिंह, विजय कुमार, गौरव ने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग द्वारा बिछाई गई सीवरेज पाइपलाइन करीब दो महीने पहले टूट गई थी, जिससे मिट्टी धंसकर लगभग चार फुट गहरा और लंबा-चौड़ा खड्डा बन गया है। पेयजल पाइपलाइन में लगातार लीकेज होने के कारण यह खड्डा पानी से भरा रहता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को शिकायत दी जा चुकी है और मामला मीडिया में भी प्रकाशित हो चुका है, लेकिन अब तक न तो पेयजल लीकेज बंद की गई है और न ही टूटी सीवरेज लाइन की मरम्मत की गई है। दोपहिया व चारपहिया वाहन, किसान की बुग्गी और ट्रैक्टर के लिए गली पूरी तरह से बंद हो चुकी है।

यह खड्डा केबीएस लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर के गेट के सामने स्थित है, जिससे पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बच्चे खड्डे में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और विभाग की होगी।


राजौंद। सांझी गली में पेयजल लीकेज व टूटी सीवरेज पाइपलाइन से बने गहरे खड्डे को दिखाते स्थानीय दुकानदार।

# अब गर्मियों ने नहीं सताएंगे बिजली कट

**कैथल।** इस बार गर्मी के सीजन में होने वाली किल्लत को लेकर बिजली निगम ने पहले ही कमर कस ली है। इससे ऐसा आभास हो रहा है कि इस बार गर्मी में बिजली कटों से निजात मिल पाएगी। यह सब होगा निगम द्वारा बनाए जाने वाले नए 6 सब स्टेशनों से। इस सीजन में सीवन, कांगथली, पाई, राजौंद, गुहला और पूंडरी में 33 केवी के नए सब स्टेशन शुरू किए जाएंगे। इसके लिए निगम को विभागीय स्वीकृति मिल चुकी है और अगले माह से निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। बता दें कि गर्मी के सीजन में बिजली की मांग करीब दो से तीन गुना तक बढ जाती है। इन सब स्टेशनों के शुरू होने से ग्रामीण में वोल्टेज की समस्या में सुधार होगा। किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन में भी स्थिर बिजली सप्लाई मिल सकेगी। इसके अलावा नए कनेक्शन जारी करने में भी सुविधा होगी। बिजली निगम को सब स्टेशन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही अगले माह से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि गर्मी के चरम सीजन से पहले इन परियोजनाओं को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि निगम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाले इन नए 33 केवी सब स्टेशनों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों की करीब 10 हजार कनेक्शन के 50 हजार से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

### जुलाना नगरपालिका कार्यालय में पार्षदों की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के नगरपालिका कार्यालय में पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने की। बैठक में सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे और नगर के विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि जुलाना के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, पेयजल आपूर्ति को सुचारु रखने तथा सीवरेज व्यवस्था की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं बैठक में रखीं। कई पार्षदों ने टूटी सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था तथा जलभराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर चेयरमैन ने अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी

### डीएन स्कूल में मनाई महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती



**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती मनाई गई। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद सरस्वती के महान विचारों एवं शिक्षाओं से प्रेरित करना था। हवन यज्ञ का संचालन मंजित कौर द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा सभी बच्चों ने आहुति डाल कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बच्चों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। विद्यालय के प्राचार्या राज रेढू ने अपने संबोधन में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन, उनके सामाजिक सुधारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने भी अपने संदेश में विद्यार्थियों को वैदिक संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

### कन्या भ्रूण हत्या न करने को लेकर किया जागरूक



**जींद।** उपस्वास्थ्य केंद्र रुपगढ़ की स्वास्थ्य टीम ने कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों, गिरते लिंगानुपात और बेटियों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक, मूर्ति देवी व मुकेश रानी ने लोगों से आह्वान किया कि वे समाज में बेटियों को समान अधिकार दें और कन्या भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय प्रथा का विरोध करें। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया गया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल नारा नही बल्कि समाज की जिम्मेदारी है। भ्रूण हत्या एक पाप है, मानव जाति के लिए अभिषाप है। इस मौके पर नीलम, सरोज, रेखा, कामिनी, डिम्पल, रानी, मुन्नी देवी इत्यादि मौजूद रहे।

### छठे दिन लिया सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण



**जींद।** सर्वे भवन्तु सुखिन की उक्ति को चरितार्थ करने के लिए निरंतर प्रयासरत हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के निर्देशन में एवं हरियाणा योगासन स्पोट्र्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी के मार्गदर्शन में चल रहे 12 जनवरी से 12 फरवरी तक के सूर्य नमस्कार अभियान में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट जींद के प्रांगण में लगभग 950 बच्चों को शुक्रवार को छठे दिन महर्षि दयानंद जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर यज्ञ के उपरांत योग शिक्षक कर्ण देव शास्त्री ने सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। ऋषि दयानंद ने स्वामी दयानंद को याद करते हुए मधुर स्वर में गीत एवं कविताएं सुनाई। विद्यालय के छात्र व छात्राओं के साथ बुलकेश लाठर, ज्योति, मंजू परुथी एवं अन्य सभी अध्यापिकाओं ने सूर्य नमस्कार के प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग



**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग एवं कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा छात्राओं की रोजगार क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को वर्तमान रोजगार परिदृश्य, आवश्यक व्यावसायिक कौशलों तथा करियर के विविध अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में छात्राओं के लिए केवल शैक्षणिक उपलब्धि ही पर्याप्त नही है बल्कि संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास, तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास भी समान रूप से आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डा. सुषमा गर्ग ने बताया कि करियर काउंसलिंग के माध्यम से छात्राओं को उनकी रुचि और योग्यता के अनुरूप सही करियर दिशा चुनने में सहायता मिलती है।

## शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग में महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को

# शिवभक्त चार प्रहर करेंगे शिव की अराधना व जलाभिषेक

- शहर के मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

शिवभक्तों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व इस बार 15 फरवरी को श्रद्धा से मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि इस बार शिव भक्तों के लिए बेहद खास होगी। इस दिन शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग, आयुष्मान योग, सौभाग्य योग, शोभन योग, साध्य योग, शुक्ल योग, धुरव योग, व्यतिपात और वरियान योग का भी प्रभाव बना रहेगा।

वहीं श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए दिनभर कई शुभ मुहूर्त मिलेंगे। जिनमें भक्त पूजा अर्चना कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के साथ माता पार्वती की भी विधि विधान से पूजा की जाती है। कहा जाता है कि सच्चे मन से भोलेनाथ की आराधना करने पर व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### गंगाजल, शहद व देशी घी से अभिषेक करें

*जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि महाशिवरात्रि के व्रत को अत्यंत शुभ फलदायी माना गया है। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग का गंगाजल से अभिषेक करना बहुत ही शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही सभी दुखों का भी नाश होता है। शिवरात्रि के दिन शिवलिंग का शहद से अभिषेक करने या इसे चढ़ाने से व्यक्ति को धन लाभ हो सकता है। वहीं यह भी माना जाता है कि शिवरात्रि के विशेष अवसर पर शिवलिंग पर घी अर्पित करने से वंश में वृद्धि हो सकती है। बेलपत्र को शिव जी की पूजा में जरूरी माना गया है। ऐसे में यदि महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाते हैं, तो इससे व्यक्ति के भाग्य में वृद्धि होती है।*

### इस तिथि को मनाई जाती है महाशिव रात्रि

फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाता है। यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। शिवभक्तों के लिए यह केवल एक पर्व नही बल्कि साधना, संयम और आध्यात्मिक जागरण की विशेष रात्रि होती है। भक्त इस दिन उपवास रखकर रात्रि जागरण करते हैं और चारों प्रहर में शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। महाशिवरात्रि के दिन पूजा और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है।

### यह रहेगा शुभ मुहूर्त

*ब्रह्म मुहूर्त : सुबह पांच बजकर 21 मिनट से छह बजकर 12 मिनट।*
*रुद्राभिषेक का शुभ समय : 11:07 बजे से एक बजकर चार मिनट तक।*
*अभिजीत मुहूर्त : 12 बजकर 15 मिनट से 12 बजकर 59 मिनट तक।*
*संध्या पूजन मुहूर्त : पांच बजकर 35 मिनट से रात्रि 12:18 बजे तक।*

शहर के मुख्य मंदिरों में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पटियाला चौक स्थित शिव मंदिर, महावीर मंदिर, ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर, शिव मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, रघुनाथ मंदिर, रानी तालाब स्थित भूतेश्वर मंदिर में जलाभिषेक को लेकर विशेष आयोजन किए जाएंगे। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मंदिर में विशेष सजावट की जाएगी। मंदिर में हजारों शिवभक्त चल चढ़ाने के आते हैं। मंदिर पूरा दिन जलाभिषेक के लिए खुला रहेगा। मंदिर में चार पहर की पूजा रहेगी। पूरा दिन यज्ञ व संकीर्तन होंगे। शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया जाएगा। हर प्रहर में बेलपत्र शिवलिंग पर चढ़ाए जाएंगे।